सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-368
18/08/2018

मुख्यमंत्री ने केरल के बाढ़ आपदा पीड़ितों को भेजी 10 करोड़ रूपये की सहायता राशि, जान–माल की क्षति के लिए व्यक्त की अपनी गहरी संवेदना

पटना 18 अगस्त, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केरल में बाढ़ पीड़ितों के राहत एवं पुनर्वास कार्य के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 करोड़ रूपये की सहायता राशि भेजी है। मुख्यमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री श्री पिनाराई विजयन को भेजे गये पत्र में कहा है कि लगातार बारिश से आयी बाढ़ से वहाँ जान–माल की भारी क्षति हुई है, इस आपदा की घडी में मैं बिहार की जनता की तरफ से पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं से होनेवाली क्षति को बेहतर ढंग से महसूस करती है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मेरा विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में केरल की जनता इस आपदा से हुई क्षति की भरपाई पुनः कर पायेगी। मुझे पूरा भरोसा है कि केरल की जनता अपनी दृढ इच्छाशक्ति और सूझ बूझ से राज्य को इस आपदा से उबार लेगी।

******